## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

**परियोजना का नाम:– प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत मोहनखाल–ताली–कनसारी मोटर मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव :–**

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनॉक...19/3/013.........को मोहनखाल–ताली–कनसारी मोटर मार्ग निर्माण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री शिशुपाल सिंह वासकण्डी, राजस्व विभाग की ओर से श्री मनोज कार्की राजस्व उप निरीक्षक थालाबैड निर्माण खण्ड लो०नि०वि०पोखरी की ओर से श्री राजपाल सिंह अमीन अन्य ग्रामीण एवं प्रतिनिधि श्री रविन्द्र सिंह नेगी ग्राम प्रधान ताली–कनसारी के द्वारा मोटर मार्ग निर्माण हेतु सर्व श्रेष्ठ स्थल चयन में भाग लिया गया। संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 2500(मी0) आरक्षित वन भूमि, 4060(मी0)नाप भूमि,1000 (मी0) सिविल भूमि प्रभावित होगी कुल वन भूमि 2.45हे० नाप भूमि 2.842हे० सिविन सोयम भूमि 0.7हे० आरक्षित वन भूमि 1.75हे० की आवश्यकता है। इस समरेखण पर लगभग 234 वृक्ष प्रभावित होंगे जिनमें 131 वृक्ष बांज प्रजाति के है। 27 वृक्ष उतीस, 7वृक्ष अयांर, 37 वृक्ष बुरांश, 31वृक्ष काफल,सुरई,रतन्याली (कुकाट)वृक्ष आरक्षित वन रागसी –।।। कक्ष सं० 9 से सिविल वन भूमि(थाला माण्डा तोक) मोहन खाल रिर्जव कक्ष सं० 10व 2से सिविल माण्डा तोक में 20 वृक्षा बांज प्रजाति के मोहनखाल रिर्जव कक्ष सं० 1 मोहनखाल सिविल 42 वृक्ष बांज कक्ष सं०2 में 15वृक्ष बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरेखण की तुलना में जो बैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 3000मी०आरक्षित वन 5000मी०नाप भूमि 2000 सिविल भूमि कुल चयन 7हे० भमि की आवश्यकता होगी। इस समरेखण पर लगभग 280वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं जिनमें से 180वृक्ष बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः मोटर मार्ग निर्माण हेतु चयनित बिकल्प सं० प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य बैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है। चयनित समरेखण आरक्षित वन रागसी–3 कक्ष सं० 9 से गुजरेगा तथा वर्तमान वन हरे वृक्षों से आछादन है इसमें उतीस, बांज,बुरांस प्रजाति के वन हैं। समरेखण का प्रारम्भ स्थल का जी०पी०एस० मान 79 9''0.60' E 30 22''40.95'N तथा अन्तिम स्थल का जी०पी०एस०मान 79 8''43.10'E 30 22''13.93'N है। बीच के स्थल का जी०पी०एस०मान 79 9''28.00'E 30 22''30.66'N है। यह स्थल किसी राष्ट्रीय पार्क वन्य जीव अभ्यारण का हिस्सा नहीं है। समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं होगा। समरेखण के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्तसर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु स्थल उपयुक्त पाये गये है। जिनका जी०पी०एस० मान 30 22''39.89'N 79 9''31.73'E है। यह कार्य जनहित में किया जायेगा।

| हस्ताक्षर<br>(प्रयोक्ता/एजेन्सी)<br>प्रतिनिधि | हस्ताक्षर<br>(वन विभाग)<br>प्रतिनिधि | हस्ताक्षर<br>(राजस्व विभाग)<br>प्रतिनिधि | हस्ताक्षर<br>(अन्य दावेदार)<br>प्रतिनिधि | हस्ताक्षर<br>(जन प्रतिनिधि)<br>प्रतिनिधि |
|---|---|---|---|---|
| | वन क्षेत्राधिकारी<br>केदारनाथ वन क्षेत्र | तहसीलदार<br>तहसील पोखरी<br>जिला चमोली | उप प्रभागीय वनाधिकारी<br>गोपेश्वर उप वन प्रभाग<br>गोपेश्वर | |

उप वन संरक्षक
केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग
गोपेश्वर

जिलाधिकारी
चमोली